FC 240307

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**वित्त समिति की बैठक दिनांक 07 मार्च, 2024 का कार्यवृत्त।**

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 07 मार्च, 2024 को सायं 4:00 बजे प्रशासनिक भवन स्थित मंथन कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **प्रो0 आलोक कुमार राय** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 अरविन्द अवस्थी, | प्रति–कुलपति | सदस्य |
| 3. | श्री आर. के. सिंह | सहायक लेखाधिकारी, पेंशन एवं कोषागार, प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 4. | डा0 सुधीर कुमार | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ। प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 5. | डा0 विनोद कुमार सिंह | कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 6. | प्रो0 डी. के. सिंह | कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 7 | श्रीमती हिमानी चौधरी | वित्त अधिकारी | सदस्य सचिव |

वित्त समिति की बैठक दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–02**

**(क)** लखनऊ विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2024–25 का राजस्व/पूँजीगत/स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम/विकास निधि का आय–व्ययक विचार–विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय–व्ययक पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ख)** लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कला एवं शिल्प महाविद्वालय का वित्तीय वर्ष 2024–25 का राजस्व/पूँजीगत/स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के आय–व्ययक विचार–विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय–व्ययक पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ग)** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 से प्रारम्भ किये जा रहे ऑन लाइन दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम हेतु तैयार किया गया आय–व्ययक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मत से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–3**

दिनॉक 07.03.2024 को अपरान्ह 12.30 सम्पन्न हुई भवन एवं कार्य समिति की बैठक का कार्यवृत्त वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मत से अनुमोदन प्रदान किया गया।

P1/2 7/3/24

**बिन्दु सं0–4**

निर्माण विभाग में आउट–सोर्सिंग के माध्यम से नियोजित जे.सी.बी. एवं स्काई लिफ्ट चालकों को रू0 940/– प्रतिदिन अतिधकतम रू0 25000/–प्रतिमाह की दर से भुगतान किये जाने विषयक प्रस्ताव वित्त समिति की बैठक दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 के बिन्दु संख्या14 पर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया था, जिसमें त्रृटिवश जे.सी.बी./स्काई लिफ्ट वाहन चालक का नाम छूट गया था, जिसे पुनः समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मत से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(हिमान्शी चौधरी)
वित्त अधिकारी

(डा॰ विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

(प्रो0 डी. के. सिंह)
कार्य अधीक्षक

(डा0 सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उ0शि0
उ0प्र0 शासन।

(आर. के. सिंह)
सहायक लेखाधिकारी, पेंशन एवं कोषागार,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

7-3-24

(प्रो0 अरविन्द अवस्थी)
प्रति–कुलपति

07/03/24

(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति

P2/2